20.	(अ). Name of Previous ITI (पिछला आईटीआई का नाम)	:	(ब).	Name of Previous ITI Trade (पिछला आईटीआई के व्यवसाय का नाम)	:
21.	वरीयता राज्य स्तरीय खिलाडी(राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र)				
23.	आवेदित कोर्स ग्रुप	:	Group A		

25 (अ). Group A ITI and Trade

1. Microsoft Computer Centre Charbagh [1192] - Lucknow	1. Electrician
2. Unity Private ITI [1198] - Lucknow	2. Draughtsman (Civil)

25 (ब). Group B ITI and Trade

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन के क्रमांक 1 से 25 के अन्तर्गत दी गई समस्त सूचनायें मेरी जानकारी में सही हैं तथा मेरे द्वारा जाँच कर ली गई है किसी भी त्रुटि हेतु मै स्वयं जिम्मेदार रहुँगा/रहुँगी। यदि प्रवेश प्रक्रिया एवं उसके उपरान्त किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई सूचनायें असत्य पाई जाती हैं तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाय एवं प्रवेश के संबंध में मेरा कोई दावा मान्य नहीं होगा।

☐ मै सहमत हूँ

Previous | Proceed to payment

अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

2. प्रवेश पंजीकरण शुल्क :–

(i) सामान्य/पिछड़ा वर्ग हेतु शुल्क रू0 250/–(रू0 दो सौ पचास मात्र)।

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु शुल्क रू0 150/–(रू0 एक सौ पचास मात्र)।

आवेदक विवरण पुस्तिका में अंकित दिशा–निर्देशों को भली–भांति पढ लें एवं तदानुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित अन्तिम तिथि तक भरे, तथा उसे Submit करें, तथा भरे आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें, चयनित अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के समय की गयी प्रविष्टियों से सम्बन्धित शैक्षिक योग्यता, आरक्षण वर्ग एवं अधिमानी अर्हता सम्बन्धी मूल अभिलेखों का सत्यापन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के समय कराया जायेगा।

विशेष–ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई कतिपय त्रुटियों के संशोधन हेतु आवेदन के उपरान्त 02 दिन (48 घण्टे) का समय दिया जायेगा।

3. आयु :–

01 अगस्त, 2022 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इस प्रकार अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 31.07.2008 के बाद न हुआ हो। अभ्यर्थी की अधिकतम आयु का कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा। न्यूनतम आयु सीमा में किसी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं होगी।

4.स्वास्थ्य :–

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चल रहे व्यवसायों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा शरीर में कोई ऐसी कमी नहीं होनी चाहिए जिसके फलस्वरूप वह अपने व्यवसाय की कार्यदक्षता को सम्पन्न न कर सके। दिव्यांग एवं अक्षम अभ्यर्थियों हेतु सम्पूर्ण प्रवेश क्षमता का 4% क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य है। इस श्रेणी में केवल ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनकी अक्षमता 40% अथवा उससे अधिक हो। प्रवेश के समय अपने जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रमाण–पत्र जिसमें यह प्रमाणित हो कि अभ्यर्थी कम से कम 40% दिव्यांग है एवं दिव्यांगता की सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी है, प्रस्तुत करना होगा। संस्थान में ऐसे अभ्यर्थी के प्रवेश से पूर्व पाठ्यक्रम विशेष हेतु अभ्यर्थी की उपयुक्तता का आंकलन संस्थान स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक नेत्र का बिना चश्मे या चश्मे के साथ दिन के प्रकाश में परीक्षण किये जाने पर उसमें किसी प्रकार का दोष नहीं होना चाहिए। आँखों की रोशनी दोनों आँखों में 6/18 या एक आँख में 6/24 बिना चश्मे के होना चाहिए। एक आँख वाले अभ्यर्थी, जो कलर ब्लाइन्डनेस दोष से मुक्त हो, भी चयन के पात्र हैं।

5.आरक्षणः–

(i) व्यावसायिक शिक्षा एंव कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के प्रशासकीय नियंत्रणाधीन प्रदेश में स्थित समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आरक्षण नवीनतम शासनादेश के अधीन निम्नवत् है–

क्र0	आरक्षित श्रेणी	अनुमन्य आरक्षण
1	अनुसूचित जाति **(S.C.)**के अभ्यर्थियों के लिए	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का **21** प्रतिशत।
2	अनुसूचित जनजाति **(S.T.)** के अभ्यर्थियों के लिए	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का **02** प्रतिशत।
3	अन्य पिछड़ा वर्ग **(O.B.C.)**के अभ्यर्थियों के लिए	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का **27** प्रतिशत।
4.	उपरोक्त क्रमांक 01, 02 व 03 से इतर श्रेणी (अल्पसंख्यक संस्थाओं को छोड़कर) के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों **(EWSs)** के लिए	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का **10** प्रतिशत।

विशेषः–आर्थिक रुप से कमजोर सामान्य वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण से सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्देश "GENERAL EWS"

शासनादेश संख्या–67/2019/1011/89–व्या0शि0एवं कौ0वि0वि0–2019–282(एम)/2012टीसी दिनांक 28 जून, 2019 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत सामान्य श्रेणी के आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लाभार्थ, संस्थानों में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। अतः ऐसे अभ्यर्थी जो उपरोक्त श्रेणी के आरक्षण की पात्रता रखते हैं, वे आनलाइन आवेदन के समय चयनित कैटेगरी (वर्ग)**"GENERAL EWS"** का विकल्प भरेंगे। अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे आवेदन पत्र भरते समय ही आरक्षण से सम्बन्धित नवीनतम प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी से बनवाकर अपने पास सुरक्षित रख लें, ताकि चयन होने की दशा में प्रवेश के समय उसे प्रस्तुत कर सकें ।

"GENERAL EWS" आरक्षण श्रेणी की पात्रता हेतु शर्ते

1. अभ्यर्थी ऐसी जाति से सम्बन्धित है जो उत्तर प्रदेश हेतु अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में सूचीबद्ध नहीं है ।
2. विगत वित्तीय वर्ष में इनके परिवार की कुल श्रोतों (वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा इत्यादि) से कुल वार्षिक आय रु 8.00 लाख(रुपये आठ लाख मात्र) से कम है तथा इनके परिवार के स्वामित्व में कई स्थानों पर स्थित परिसम्पत्तियों को जोड़ने के पश्चात भी निम्नलिखित में से कोई भी परिसम्पत्ति नहीं हैः–
   - 5 (पाँच) एकड़ कृषि योग्य भूमि अथवा इससे ऊपर ।
   - एक हजार वर्ग फीट अथवा इससे अधिक क्षेत्रफल का फ्लैट ।
   - अधिसूचित नगर पालिका के अन्तर्गत 100 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड ।
   - अधिसूचित नगर पालिका से इतर 200 वर्ग गज अथवा इससे अधिक का आवासीय भूखण्ड ।

नोटः–प्रदेश सरकार द्वारा 'अनुसूचित जाति सब प्लान/स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान''(S.C.S.P./S.C.P) योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु विशेष रूप से कुल 84 राजकीय संस्थान संचालित किये जा रहे हैं।

इन राजकीय संस्थानों में वर्तमान लागू व्यवस्था के अनुसार स्वीकृत सीटों में 70 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रशिक्षणार्थियों हेतु तथा 15 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों हेतु आरक्षित रहेंगी। जिनका विवरण **परिशिष्ट–12** पर देखें।

(ii) उक्त के अतिरिक्त निम्नांकित श्रेणी के अभ्यर्थियों को सम्मुख विवरणानुसार क्षैतिज प्रकृति का आरक्षण प्रदान किया जायेगा एवं क्षैतिज आरक्षणों में से मात्र एक आरक्षण ही अभ्यर्थी ले सकेगा।

क0सं0	क्षैतिज आरक्षण हेतुश्रेणी	अनुमन्य आरक्षण
1.	स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों (**F.F.**) के आश्रितों (विवाहित अथवा अविवाहित पौत्र एवं पौत्री) हेतु आरक्षण ।	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम **02** प्रतिशत।
2.	उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त अथवा अपंग रक्षा कर्मियों अथवा युद्ध में मारे गये रक्षा कर्मियों अथवा उत्तर प्रदेश में तैनात रक्षा कर्मियों के पुत्र एवं पुत्रियों हेतु आरक्षण ।	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम **05** प्रतिशत।
3.	शारीरिक रूप से दिव्यांग (निःशक्त) (**P.H.**) अभ्यर्थियों के लिए। इस श्रेणी में केवल ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनकी शारीरिक अक्षमता 40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक हो। प्रवेश के समय उन्हें अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी से जारी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह प्रमाणित हो कि अभ्यर्थी कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग है एवं वह दिव्यांगता की सुविधा प्रदान करने का अधिकारी है। संस्थान में ऐसे अभ्यर्थी के प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी की उपयुक्तता* का आंकलन संस्थान स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा।	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम **04** प्रतिशत।
4	महिला अभ्यर्थियों हेतु संचालित विशिष्ट महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों अथवा सामान्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अन्तर्गत केवल महिलाओं के लिए संचालित व्यवसायों से इतर अन्य समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण।	प्रत्येक व्यवसाय की समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम **20** प्रतिशत।

* समस्त अभ्यर्थी जो शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं एवं दिव्यांगता के आरक्षण का लाभ चाहते हैं को सलाह दी जाती है कि वे प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा व्यवसाय विशेष हेतु सुझावित उपयुक्तता के संबंध में जारी दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदेश में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो से प्राप्त कर सकते हैं।

6.1- वरीयता अंक–राजकीय आई0टी0आई0 में प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित वरीयता निम्नवत् हैः–

(i) राज्य स्तरीय खिलाड़ी, जिनको संबंधित स्पोर्ट्स एसोसियेशन द्वारा प्रमाण–पत्र दिया गया है, को **03** अंक वरीयता के देय हैं।

(ii) उत्तर प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास निवेश नीति 2012 के दृष्टिगत प्रदेश के व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों की विशेषता का लाभ उद्योगों को उपलब्ध कराने हेतु उद्योगों के कर्मचारियों/नामित व्यक्तियों को बिना प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हुए, संस्थानों के प्रशिक्षण क्षमता/उपलब्ध सीटों का **10** प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया गया है।

उद्योगों के लिए आरक्षित **10** प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश न पा सकने वाले कार्मिकों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की छूट होगी। यदि इस प्रकार का कोई कर्मचारी प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेता है तो उसे अर्हकारी शैक्षिक योग्यता के परीक्षाफल के कुल प्राप्तांक में **05** अंक अतिरिक्त देय होंगे।

उक्तानुसार आरक्षित सीटों के विरूद्ध अथवा प्रवेश हेतु वरीयता अंक प्राप्त करने वाले संबंधित कर्मचारी/अभ्यर्थी प्रवेश के समय अपने मूल अभिलेख संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य को प्रस्तुत करने में यदि असमर्थ रहते हैं, तो वे प्रदत्त आरक्षण अथवा वरीयता अंक के आधार पर प्रवेश पाने के पात्र नहीं माने जायेंगे और उन्हें दी जाने वाली उपरोक्त सुविधा स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

(iii) **1-** शासनादेश संख्या–4495/89–व्या0 शि0 एवं कौ0 वि0 वि0–2017–7(199)/95टीसी–(1) दिनांक –15.02.2018 में निहित व्यवस्थानुसार प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत कर्मचारी के आश्रित पुत्र, अविवाहित अथवा विधवा पुत्री हेतु **10** अंक वरीयता के देय हैं। अभ्यर्थी यदि अर्ह है तो एक से अधिक वरीयता श्रेणी का चुनाव कर सकता है।

2- राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद में कार्यरत कर्मचारी के आश्रित पुत्र, अविवाहित अथवा विधवा पुत्री हेतु **05** अंक वरीयता के देय हैं। अभ्यर्थी यदि अर्ह है तो एक से अधिक वरीयता श्रेणी का चुनाव कर सकता है।

नोटः **प्रदेश के उद्योगो में कार्यरत कर्मचारियों/नामित व्यक्तियों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (सामान्य संस्थान एवं पी0पी0पी0 योजना अन्तर्गत आच्छादित संस्थान) में प्रवेश हेतु नीतिः–**

प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उद्योगों के कार्यरत कर्मचारियों/नामित व्यक्तियों को प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या–5080/89–व्या0 शि0 एवं कौ0वि0वि0–का–2014–90(एम.)/2012 दिनांक–04.02.2015 में निहित व्यवस्थानुसार प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों में उद्योगों में कार्यरत/नामित व्यक्तियों हेतु पात्रता निम्नवत् निर्धारित की गयी है :–

- आवेदक कारखाना अधिनियम–1948 के अन्तर्गत पंजीकृत उद्योगों में पूर्णकालिक रूप से कम से कम दो वर्ष से उस उद्योग में कार्यरत हो।
- आवेदक के पास उद्योग द्वारा नामित किये जाने का प्रदत्त प्रमाण पत्र हो।
- आवेदक के पास उद्योग में कम से कम **02** वर्ष की पूर्ण कालिक सेवा के वेतन भुगतान सम्बन्धी औचित्यपूर्ण प्रमाण की उपलब्धता/प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
- आवेदक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित शिल्पकार प्रशिक्षण योजनान्तर्गत चिन्हित व्यवसायों में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश अर्हता पूर्ण करता हो।
- प्रदेश स्तर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लागू आरक्षण व्यवस्था यथावत लागू रहेगी।
- नामांकित आवेदक अभ्यर्थियों की अधिक संख्या होने की स्थिति में अधिक अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

भारत सरकार सहायतित पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पी0पी0पी0) योजना से आच्छादित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आई0एम0सी0 को **20** प्रतिशत सीटों पर प्रवेश का

अधिकार एवं इसके माध्यम से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों/नामित व्यक्तियों को प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्याः 5160/89–व्या0 शि0 एवं कौ0वि0वि0–2014–125 (बी)/1987टी.सी.दिनांक–04.02.2015 एवं शासनादेश संख्याः208/2015/3993/89–व्या0शि0 एवं कौ0वि0वि0–2015–125(बी)/1987टीसी दिनांक–24.11.2015 द्वारा निम्न व्यवस्था प्रदान की गयी हैः–

- **भारत सरकार सहायतित पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पी0पी0पी0) योजना से आच्छादित प्रदेश के 115 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में गठित इंस्टीट्यूट मैनेजमेन्ट कमेटी (आई0एम0सी0) को संस्थान में संचालित व्यवसायों की समस्त सीटों में से 20 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश करने का अधिकार होगा।**
- पी0पी0पी0 योजना से आच्छादित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु उद्योगों के नामित कर्मचारियों/नामित व्यक्तियों को प्रशिक्षण क्षमता/उपलब्ध सीटों का 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण संस्थान में गठित आई0एम0सी0 के माध्यम से प्रदान किया जायेगा। इस हेतु आई0एम0सी0 द्वारा अपने 20 प्रतिशत कोटे के अन्तर्गत उद्योगों द्वारा नामित कर्मचारियों हेतु निर्धारित 10 प्रतिशत की सीमा को समायोजित किया जायेगा।
- यदि प्रवेश की प्रथम चरण की काउन्सिलिंग के उपरान्त उद्योगों द्वारा नामित एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु चयनित कर्मचारियों द्वारा प्रवेश नहीं लिया जाता है, तो इस प्रकार रिक्त रह गयी सीटों पर प्रवेश करने का अधिकार राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश को होगा।

6.2 - वरीयता अंक–निजी आई0टी0आई0 में प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों हेतु निर्धारित वरीयता निम्नवत् हैः–

(i) राज्य स्तरीय खिलाड़ी, जिनको संबंधित स्पोर्ट्स एसोसियेशन द्वारा प्रमाण–पत्र दिया गया है, को **03** अंक वरीयता के देय हैं।

7. प्रदेश में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित दोनों प्रकार के व्यवसाय यथा प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन गठित राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एन0सी0वी0टी0) से सम्बन्धन प्राप्त व्यवसाय एवं राज्य सरकार की राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एस0सी0वी0टी0) के अधीन संचालित व्यवसाय प्रवेश हेतु उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम पर आधारित व्यवसायों तथा एस0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम पर आधारित व्यवसायों में प्रवेश हेतु दोनों के लिए पृथक–पृथक ऑन–लाइन आवेदन–पत्र नहीं भरना होगा। ऑन लाइन आवेदन के अन्तर्गत दोनो ही प्रकार के विकल्प उपलब्ध होंगे।

8. समस्त अभ्यर्थी विवरण पुस्तिका को भली–भाँति पढ़कर स्पष्ट रूप से ऑन–लाइन आवेदन–पत्र भरें। त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण भरे गये ऑन–लाइन आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। ऐसे त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण ऑन लाइन आवेदन हेतु राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

9. पोर्टल पर ऑन लाइन आवेदन भरने के उपरान्त submit किये गये आवेदन पत्रों में राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के निर्देश से इतर किसी प्रकार का संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।

10. ऑन लाइन आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड किये गये फोटो की चार प्रतियॉ प्रवेश के समय यथा आवश्यकता उपयोग हेतु अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें।

11. ऑन–लाइन भरे गये आवेदन के प्रिन्टआउट की एक प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें।

12 (A) सीट आवंटन प्रक्रिया (राजकीय संस्थानों हेतु)–

आगामी प्रशिक्षण सत्र–2022 हेतु शासनादेश संख्या–4784/89–व्या0शि0 एवं कौ0वि0–2013–125(बी)/1987टीसी दिनांक 26.12.2013 में की गई व्यवस्था के अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्थानीय नवयुवकों को प्रवेश में प्राथमिकता देने के दृष्टिगत संबंधित जनपद में व्यवसायवार सीटों को 25–25 प्रतिशत क्रमशः विकासखण्ड, तहसील, जनपद तथा प्रदेश स्तर पर पूल करते हुये निम्नलिखित प्रक्रिया निर्धारित की जाती हैः–

12.1 जनपदों में व्यवसायवार सीटों को 25–25 प्रतिशत क्रमशः विकास खण्ड, तहसील, जनपद तथा प्रदेश स्तर पर पूल करते हुये उपलब्ध सीटों पर नियमानुसार लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

12.2 विकास खण्ड स्तर पर पूल की गयी सीटों के सापेक्ष आवेदनकर्ता अभ्यर्थी ने जिस विकास खण्ड से शैक्षिक अर्हता प्राप्त की है उसे वहां का निवासी माना जायेगा। इसके अतिरिक्त जो अभ्यर्थी वहां के निवासी हैं, पर उन्होंने अन्यत्र शिक्षा प्राप्त की है, को जिलाधिकारी से प्राप्त निवास प्रमाण–पत्र के आधार पर प्रवेश हेतु

उपयुक्त माना जायेगा। प्रवेश के समय अन्य शैक्षणिक आरक्षण आदि प्रमाण पत्रों के साथ उनका भी परीक्षण किया जायेगा। अभ्यर्थियों को निम्नानुसार आवेदन एवं विकल्प के अवसर होंगेः–

12.3 उक्त वर्णित चार स्तरीय विकल्प प्राप्त करने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित करने के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

12.4 अभ्यर्थी को उसके गृह जनपद के लिए पंजीकृत माना जायेगा।

12.5 विकास खण्ड, तहसील तथा जनपद स्तर पर संस्थानवार, व्यवसायवार आरक्षण के आधार पर सीटों की संख्या ऑनलाईन उपलब्ध रहेगी।

12.6 अभ्यर्थी के व्यवसाय के विकल्प को प्राथमिकता दी जायेगी। अभ्यर्थी सबसे पहले जिस व्यवसाय का विकल्प देगा उसे उसके द्वारा विकल्पित संस्थानों में वरीयता के अनुसार उसे सीट आवंटित की जायेगी।

12.7 अभ्यर्थी को मांगे गये व्यवसायों के विकल्प में पहले एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम में वरीयता दी जायेगी तत्पश्चात् एस0सी0वी0टी0 ट्रेड में सीट आवंटित की जायेगी।

12.8 प्रवेश के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रदेश के किन्हीं 03 जनपदों में अधिकतम कुल 06 संस्थानों के विकल्प दिये जा सकेंगे। अभ्यर्थी द्वारा ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी के पाठ्यक्रमों के लिए अलग–अलग 10–10 व्यवसायों का वरीयता क्रम में विकल्प दिया जा सकता है। सीट आवंटन हेतु ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी के लिए प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट अलग–अलग तैयार की जायेगी।

12.9 ग्रुप–ए की चयन सूची को पहले तैयार किया जायेगा। यदि किसी अभ्यर्थी को ग्रुप–ए में सीट आवंटित हो जाती है, तो उसे ग्रुप–बी हेतु चयन के लिये विचार नहीं किया जायेगा।

12 (B).सीट आवंटन प्रक्रिया (निजी संस्थानों हेतु)–

12.1 जनपद स्तर पर संस्थानवार, व्यवसायवार सीटों की संख्या ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगी।

12.2 अभ्यर्थी के व्यवसाय के विकल्प को प्राथमिकता दी जाएगी। अभ्यर्थी सबसे पहले जिस व्यवसाय का विकल्प देगा, उसे उसके द्वारा विकल्पित संस्थानों में वरीयता के अनुसार उसे सीट आवंटित की जाएगी।

12.3 प्रवेश के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रदेश के किन्हीं 03 जनपदों में अधिकतम कुल 25 संस्थानों के विकल्पदिए जा सकेंगे। अभ्यर्थी द्वारा ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी के व्यवसायों के लिए अलग–अलग वरीयता क्रम में विकल्प दिया जा सकता है। सीट आवंटन हेतु ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी के लिए प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट अलग– अलग तैयार की जाएगी।

12.4 ग्रुप–ए की चयन सूची को पहले तैयार किया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी को ग्रुप–ए में सीट आवंटित हो जाती है, तो उसे ग्रुप–बी हेतु चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

13. व्यवसाय हेतु निर्धारित अर्हकारी शैक्षिक योग्यताः–

प्रदेश में संचालित राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, उनमें उपलब्ध व्यवसायों तथा व्यवसायों में प्रवेश हेतु अर्हकारी शैक्षिक योग्यता का विवरण परिशिष्ट **02 से 10** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी जिस व्यवसाय की अर्हकारी शैक्षिक योग्यता नही रखता होगा, वह उस व्यवसाय के चयन हेतु आवेदन नहीं कर सकता।

14. अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वे राजकीय संस्थान में चल रहे व्यवसायों में से ज्यादा से ज्यादा व्यवसायों (किन्तु अधिकतम 10) तथा निजी संस्थानों में चल रहे व्यवसायों में से ज्यादा से ज्यादा व्यवसायों (किन्तु अधिकतम 25) का विकल्प आवेदन पत्र में भरें, जिससे कि उनकी योग्यता के आधार पर उनका चयन हो सके।

15. अभ्यर्थी का चयन अर्हकारी शैक्षिक योग्यता के परीक्षाफल के प्राप्तांक(वरीयता अंक यदि कोई हो को जोड़ते हुये) के अनुसार श्रेष्ठता के आधार पर किया जायेगा।

शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी विभिन्न परिषदों के परीक्षाफल में पूर्णांक अलग–अलग हैं। अतएव अभ्यर्थी को उपरोक्त वर्णित वरीयता अंक जोडने हेतु पूर्णांक 600 के अनुपातिक अंक के सापेक्ष प्राप्तांक का आधार माना जायेगा।

यदि दो अभ्यर्थियों के अर्हकारी शैक्षिक योग्यता के प्राप्तांक समान होते हैं तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता प्रदान की जायेगी। यदि दो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं आयु भी समान हों तो उस अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी जिसने आवेदन पहले Submit किया है।

16. ग्रुप 'ए' एवं 'बी' के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में निर्देश

प्रत्येक अभ्यर्थी के पास ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों में उपलब्ध व्यवसायों हेतु निम्नलिखित तीन विकल्प उपलब्ध हैं–

1. राजकीय संस्थानों हेतु अभ्यर्थी ग्रुप–ए में उपलब्ध व्यवसायों में से अधिकतम किन्हीं 10 व्यवसायों कातथा निजी संस्थानो हेतु अधिकतम किन्हीं 25 व्यवसायों काविकल्प दे सकता है।

अथवा

2. राजकीय संस्थानों हेतुअभ्यर्थी ग्रुप–बी में उपलब्ध व्यवसायों में से अधिकतम किन्हीं 10 व्यवसायों तथा निजी संस्थानों हेतु किन्हीं 25 व्यवसायोंका विकल्प दे सकता है।

अथवा

3. राजकीय संस्थानों हेतुअभ्यर्थी ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी दोनों में उपलब्ध व्यवसायों के क्रमशः 10–10एवं निजी संस्थानों हेतु 25–25 व्यवसायों काविकल्प दे सकता है।
4. ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी दोनों ग्रुप की मेरिट उनके शैक्षिक योग्यता के परीक्षाफल के प्राप्तांक (तथा अनुमन्य वरीयता अंक, यदि कोई हो, को जोड़ते हुये) के आधार पर अलग–अलग बनेंगी। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी को ग्रुप–ए में सीट आवंटित हो जाती है तो उसे ग्रुप–बी के लिये विचार नहीं किया जायेगा।

17 (A).छः (6) राजकीय संस्थानों का विकल्प

1. अभ्यर्थी यदि गृह विकास खण्ड का स्थानीय आरक्षण प्राप्त करना चाहता है तो उसे विकास खण्ड के विकल्प का चयन करने पर अपने गृह विकास खण्ड में संचालित आई0टी0आई0 की सूची दिखाई पड़ेगी। उस आई0टी0आई0 में चलने वाले व्यवसाय (एन0सी0वी0टी0 एवं एस0सी0वी0टी0) दिखाई पड़ेगे। उसे अपने इच्छित व्यवसायों के विकल्प चयन करने होंगे।

   उदाहरणार्थ–यदि उसने विकास खण्ड की किसी आई0टी0आई0 में फिटर व्यवसाय का विकल्प भर दिया है तो उसके द्वारा चयन करने वाले 10 व्यवसायों के विकल्प में से एक विकल्प फिटर अंकित हो जायेगा। उसे आगे भरने वाले सभी 05 संस्थानों में फिटर व्यवसाय (यदि संचालित है) का विकल्प प्राप्त हो जायेगा।
2. अभ्यर्थी यदि गृह तहसील का स्थानीय आरक्षण प्राप्त करना चाहता है तो उसे तहसील के विकल्प का चयन करने पर अपने गृह तहसील में संचालित आई0टी0आई0 की सूची दिखाई पड़ेगी। उस आई0टी0आई0 में चलने वाले व्यवसाय (एन0सी0वी0टी0 एवं एस0सी0वी0टी0) दिखाई पड़ेगे। उसे अपने इच्छित व्यवसायों के विकल्प चयन करने होंगे।
3. अभ्यर्थी यदि गृह जनपद का स्थानीय आरक्षण प्राप्त करना चाहता है तो उसे जनपद के विकल्प का चयन करने पर अपने गृह जनपद में संचालित आई0टी0आई0 की सूची दिखाई पड़ेगी। सूची में प्रदर्शित आई0टी0आई0 का विकल्प भरेगा। तत्पश्चात् उक्त आई0टी0आई0 में चलने वाले व्यवसाय (एन0सी0वी0टी0 एवं एस0सी0वी0टी0) दिखाई पड़ेगे। उसे अपने इच्छित व्यवसायों के विकल्प चयन करने होंगे।
4. प्रदेश स्तर का चयन करने पर उसे प्रदेश में स्थित सभी आई0टी0आई0 दिखाई पड़ेगी। वह किन्हीं तीन जिलों के अधिकतम छः संस्थानों (उसके द्वारा विकास खण्ड स्तर, तहसील स्तर व जनपद स्तर के चयनित सभी विकल्पों को सम्मिलित करते हुए) का विकल्प भर सकता है।

   जैसे–अभ्यर्थी जनपद लखनऊ स्थित आई.टी.आई. अलीगंज का पहला विकल्प भरने के बाद इलाहाबाद, वाराणसी अथवा किसी अन्य जनपद में स्थित आई.टी.आई. को क्रमशः दूसरे व तीसरे विकल्प के रूप में भर सकता है।

17 (B). पच्चीस (25) निजी संस्थानों का विकल्प

1. अभ्यर्थी को जनपद के विकल्प का चयन करने पर जनपद में संचालित आई0टी0आई0 की सूची दिखाई पड़ेगी। सूची में प्रदर्शित आई0टी0आई0 का चयन करेगा। तत्पश्चात् उक्त आई0टी0आई0 में चलने वाले व्यवसाय दिखाई पड़ेंगे। उसे अपने इच्छित व्यवसायों के विकल्प चयन करने होंगे।

   उदाहरणार्थ :–यदि उसने जनपद की किसी आई0टी0आई0 में फिटर व्यवसाय का विकल्प भर दिया है,तो उसके द्वारा चयन करने वाले व्यवसायों के विकल्प में से एक विकल्प फिटर अंकित हो जाएगा। उसे आगे भरने वाले सभी 25 संस्थानों में फिटर व्यवसाय (यदि संचालित है) का विकल्प प्राप्त हो जाएगा।
2. अभ्यर्थी किन्हीं तीन जिलों के अधिकतम पच्चीस संस्थानों का विकल्प भर सकता है।

   जैसेः– अभ्यर्थी जनपद लखनऊ स्थित किसी निजी आई0टी0आई0 का पहला विकल्प भरने के बाद इलाहाबाद, वाराणसी अथवा किसी अन्य जनपद में स्थित आई0टी0आई को क्रमशः दूसरे विकल्प के रूप में भर सकता है।

18. प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अनुमन्य विभिन्न व्यवसायों की न्यूनतम अर्हकारी शैक्षिक योग्यता, प्रशिक्षण अवधि, शैक्षिक योग्यता कोड तथा व्यवसायों का संक्षिप्त परिचय का ब्यौरा मार्ग दर्शन हेतु **परिशिष्ट (2 से 10)** पर उपलब्ध है, तथा जनपदों में चल रहे राजकीय सस्थानवार, व्यवसायों का विवरण मार्ग दर्शन हेतु एन.सी.वी.टी. पाठय्क्रम के अन्तर्गत **परिशिष्ट (13 एवं 14)** पर उपलब्ध हैं, जिसमें प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के द्वारा किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन/परिवर्धन किये जाने पर तदानुसार चयनित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। एस.सी.वी.टी. पाठय्क्रम के अन्तर्गत **परिशिष्ट (15 एवं 16)** पर उपलब्ध हैं तथा निजी संस्थानवार व्यवसाय का विवरण मार्गदर्शन हेतु एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत **परिशिष्ट (17)** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑन–लाइन आवेदन–पत्र में व्यवसाय का विकल्प चयन करने के पूर्व इसको अवश्य देख लें।

विशेष–<u>महत्वपूर्ण निर्देश समस्त आवेदक/सम्बन्धित प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विशेष ध्यान दें:–</u>

<u>ड्यूअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग (डी0एस0टी0) के अन्तर्गत प्रवेश/प्रशिक्षण के सम्बन्ध में</u>

ड्यूअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के अंतर्गत संचालित व्यवसायों की सीटों का विवरण व्यवसायवार, एककवार **परिशिष्ट-14** में प्रदर्शित है , जिसके अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जानी है।

ड्यूअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग के अन्तर्गत आवेदित व्यवसाय में प्रवेशित अभ्यर्थी को आई0टी0आई0 एवं उद्योग के माध्यम से उच्च सेवायोजकता का प्रशिक्षण प्रदान कराया जाता है। इस हेतु संस्थान एवं उद्योग के मध्य अनुबन्ध किया जाता है, जिसके अन्तर्गत एक वर्षीय पाठ्यक्रमों हेतु 03 से 06 माह का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण तथा दो वर्षीय पाठ्यक्रमों हेतु 06 से 12 माह का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण उद्योगों के माध्यम से प्रदान कराया जाता है। अवशेष अवधि का प्रशिक्षण आई0टी0आई0 में प्रदान कराया जाता है। प्रशिक्षण पूर्ण करने तथा अखिल भारतीय व्यवसाय परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त प्रशिक्षार्थी को सम्बन्धित व्यवसाय का राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

पी0पी0पी0 मॉडल पर संचालित संस्थानों में प्रशिक्षण के सम्बन्ध मे:-

पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी) के अंतर्गत निजी क्षेत्र के वेण्डर द्वारा संचालित किये जाने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों राजातालाब-वाराणसी, पाली-ललितपुर तथा पटियाली, कासगंज में व्यवसायवार, एककवार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए लागू शुल्क वाली तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए लागू शुल्क वाली सीटों का विवरण **परिशिष्ट-16** पर प्रदर्शित किया गया है।

इन संस्थानों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शुल्क वाली सीटों पर राजकीय संस्थान की भाँति शुल्क तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों वाली सीटों पर निजी संस्थान की भाँति शुल्क की व्यवस्था लागू है तथा इन संस्थानों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शुल्क वाली सीटों पर राजकीय संस्थान के लिए लागू सभी नियम एवं शर्तों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शुल्क वाली सीटों पर निजी संस्थान के लिए लागू सभी नियम एवं शर्तों के अधीन प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

20. महिला अभ्यर्थियों के आवेदन के सम्बन्ध में:–

1. महिलाओं के लिए विशेष रूप से संचालित बारह (12) महिला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में केवल महिला अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जायेगा।
2. सामान्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अन्तर्गत महिलाओं के लिए संचालित व्यवसायों में केवल महिला अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जायेगा। तत्संबंधी विवरण **परिशिष्ट** (**4,5 व 9**) पर अंकित है।
3. उक्त से इतर अन्य समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में तथा समस्त निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में महिलाओं के लिए बीस प्रतिशत (20%) सीटें क्षैतिज रूप से आरक्षित रहेंगी।

21. अभ्यर्थियों द्वारा अर्हकारी शैक्षिक योग्यता के परीक्षाफल में प्राप्त अंकों एवं वरीयता अंक के आधार पर ग्रुप–ए एवं ग्रुप–बी की अलग–अलग व्यवसायवार श्रेष्ठता सूची (Merit List) तैयार की जाएगी। ग्रुप 'ए' एवं ग्रुप 'बी' के लिये व्यवसाय आवंटन की कार्यवाही अलग–अलग की जायेगी।

प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अन्तर्गत निजी क्षेत्र के वेण्डर द्वारा संचालित किये जाने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आगामी सत्र–2022 हेतु प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्याः 63/2022/ 1020/89–व्या0शि0एवं

कौ0वि0वि0–2022–125(बी)/87 दिनांक 06.06.2022 के अनुसार प्रवेश अर्हकारी शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर किया जाएगा व अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में व्यवसाय एवं संस्थान के चुनाव का सीधा अवसर प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए सत्र–2022 से प्रारम्भ होने वाले सत्र के लिए प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु निम्नानुसार प्रवेश प्रकिया निर्धारित है :–

(अ) <u>राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एवं सामान्य सिद्धान्तः–</u>

(1) ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को यह विकल्प होगा कि वह केवल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु आवेदन करें या निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेतु आवेदन करें या राजकीय एवं निजी दोनों औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेतु आवेदन करें। आवेदन की प्रत्येक दशा में पंजीकरण शुल्क वर्ग के अनुसार एक ही बार देय होगी। ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी को अपना व्यक्तिगत विवरण, शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक, आरक्षण वर्ग एवं अधिमानी अर्हताओं सम्बन्धी सूचनाएं आदि पंजीकृत करानी होगी, तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को अपने निवास प्रमाण–पत्र के अनुसार ब्लाक, तहसील, जनपद अथवा राज्य स्तर के आरक्षण की सहमति का भी विकल्प प्रदान किया जायेगा।

(2) ऑनलाईन आवेदन के समय किसी भी अभ्यर्थी द्वारा ग्रुप ''ए'' एवं ''बी'' राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु वरीयता क्रम में अधिकतम 10 व्यवसायों का विकल्प योजित किया जा सकेगा तथा इन व्यवसाय विकल्प हेतु वह किन्ही 03 जनपदों के अधिकतम 06 संस्थानों का विकल्प दे सकेगा तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु वह 03 जनपदों के अधिकतम 25 संस्थानों का विकल्प दे सकेगा।

(3) चयनित अभ्यर्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन के समय की गयी प्रविष्टियों से सम्बन्धित शैक्षिक योग्यता, आरक्षण वर्ग एवं अधिमानी अर्हता सम्बन्धी मूल अभिलेखों का सत्यापन राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रवेश के समय कराया जायेगा।

(4) ऑनलाइन आवेदन हेतु कम से कम 25 कार्य दिवस का समय प्रदान किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में की गयी प्रविष्टियों में हुई त्रुटियों के संशोधन हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त 02 दिन का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

(5) अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन आवेदन पत्र में शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी परीक्षा के सभी विषयों के प्राप्तांकों के योग का प्रतिशत/(सी0जी0पी0ए0 को प्रतिशत में बदल कर) अंकित करना होगा।

(6) राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ें वर्गो के लिये आरक्षण तथा क्षैतिज प्रकृति के आरक्षण की व्यवस्था शासनादेश संख्या–शासनादेश संख्या–67/2019/1011/89–व्या0शि0एवं कौ0वि0वि0–2019–282(एम)/2012 टीसी दिनांक 28 जून, 2019 के अनुसार प्रभावी होगी तथा विकास खण्ड, तहसील, जनपद एवं राज्य स्तर पर अभ्यर्थियों को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु आरक्षण की व्यवस्था शासनादेश संख्या–3947(2)/89–व्या0 शि0कौ0वि0वि0–2013–125(बी)/87 टीसी लखनऊ दिनांक–30 अक्टूबर, 2013 के अनुसार प्रभावी हेागी।

(7) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री को प्रवेश में वरीयता शासनादेश संख्या–4495/89–व्या0शि0एवं कौ0वि0वि0–2017–7 (199) /95 टीसी(प) लखनऊ दिनांक–15 फरवरी, 2018 के अनुसार प्रभावी होगी।

(8) राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिये अभ्यर्थियों हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित वरीयता राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को वरीयता के 03 अंक देय होंगे। प्रतिबन्ध यह है कि उनके पास सम्बन्धित स्पोर्ट्स एशोसिएशन द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र हो।

(9) उद्योगो द्वारा नामित कार्यरत कर्मचारियों हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं भारत सरकार द्वारा सहायतित पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप योजना से अच्छादित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आई0एम0सी0 के कोटे के अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु शासनादेश संख्या–5160/ 89–व्या0 शि0 एवं कौ0 वि0 वि0–2014–125(बी)/1987 टी सी लखनऊ दिनांक–04.02.2015 एवं शासनादेश संख्या–208/2015/ 3993/89–व्या0शि0एवं कौ0वि0वि0–2015–125 (बी)/1987 टीसी लखनऊ दिनांक–24.11.2015 द्वारा स्थापित व्यवस्था पूर्ववत लागू रहेगी।

(10) आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के ऐसे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ें वर्गो के लिये आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था से आच्छादित नहीं है, को शासनादेश के अनुसार 10 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जायेगा।

(11) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये पृथक–पृथक अर्हकारी योग्यता के आधार पर ग्रुप ''ए'' एवं ''बी'' के लिये रैंक/मेरिट सूची तैयार की जायेगी।

(12) सीट आवंटन (चार चरणों में) पूर्ण किया जायेगा, जिसमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में सीट आवंटन प्रदेश स्तरीय अर्हकारी शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर तथा चतुर्थ चरण में सीट आवंटन जनपद/संस्थान स्तर पर अर्हकारी शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

(13) निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में किसी चरण में रिक्त सीटों के विरूद्ध व्यवसाय/संस्थान के उच्चीकृत विकल्प को दिये जाने हेतु ''फ्रीज/फ्लोट'' की व्यवस्था एवं स्थानीय आरक्षण की व्यवस्था लागू नहीं होगी।

(14) जिन निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु किसी चरण में विकल्प दिये हुये अभ्यर्थी किसी भी व्यवसाय में प्रवेश लेने हेतु उपलब्ध नहीं है तो उक्त चरण से ही चतुर्थ चरण में दी गयी व्यवस्था के अनुसार रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण की व्यवस्था को शिथिल रखते हुये निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को यह सुविधा प्राप्त होगी कि वह पोर्टल के बाहर के योग्यता धारक अभ्यर्थियों में से अपने संस्थान हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें तथा अभ्यर्थियों को पोर्टल पर फार्म भरवाकर ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

(15) आरक्षण एवं प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी नवीनतम् शासनादेश ही प्रभावी होंगे।

(3) **<u>अर्हकारी शैक्षिक योग्यता के प्राप्तांक की मेरिट के आधार पर प्रथम चरण में ऑनलाईन सीटों का आवंटन।</u>**

विशेष –<u>महत्वपूर्ण निर्देश समस्त आवेदक/प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विशेष ध्यान दें:–</u>

चयन परिणाम परिषद की वेबसाइट www.scvtup.in पर प्रदर्शित किया जायेगा। अभ्यर्थी को चयनित संस्थान/व्यवसाय में प्रवेश का अवसर प्रदान किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थी को बुलावा–पत्र www.scvtup.in पर जारी किया जायेगा, जिसमें चयन हुए पाठ्यक्रम/ व्यवसाय/संस्थान आदि का उल्लेख होगा। चयनित अभ्यर्थियो को उनके संबंधित व्यवसायो के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर पाठ्यक्रम/व्यवसाय/संस्थान में चयन किया गया है, एवं मेरिट के ही आधार पर यह संभव है कि अभ्यर्थी को उच्चतर विकल्प के पाठ्यक्रम/व्यवसाय/संस्थान न प्राप्त हुए हो इसके लिये क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय चरण के प्रवेश समाप्त होने के उपरान्त अवशेष पाठ्यक्रम/व्यवसाय /संस्थान की सीटो पर प्रवेशित प्रशिक्षार्थियो को अपग्रेड करके उच्चतर विकल्प के पाठ्यक्रम/ व्यवसाय/संस्थान में अवसर दिये जाने की व्यवस्था है, जिसके लिए अपग्रेडेशन प्रक्रिया में भाग लेने की स्थिति के अनुसार **Freeze** (स्थिर) एवं **Float** (विस्थापित) का विकल्प भी मुद्रित होगा। अभ्यर्थी को संस्थान में प्रवेश के समय उपरोक्त दोनों विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन करते हुए प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करानी होगी। अभ्यर्थी यदि **Freeze** (स्थिर) विकल्प का चयन करता है तो वह अग्रेतर अपग्रेडेशन प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जायेगा। अभ्यर्थी यदि **Float** (विस्थापित) विकल्प का चयन करता है तो अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अन्तर्गत अभ्यर्थी के पाठ्यक्रम/व्यवसाय/संस्थान के उच्चतर विकल्पों में सीट रिक्त होने की स्थिति में उसे उक्त का लाभ प्रदान किया जायेगा। उपरोक्त **Freeze** (स्थिर) एवं **Float** (विस्थापित) की कार्यवाही प्रथम एवं द्वितीय चरण पर प्रभावी रहेगी।

(1) परिषद द्वारा आरक्षण नियमों को ध्यान में रखते हुए राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु संस्थानवार, व्यवसायवार, पाठ्यक्रमवार एवं वर्गवार सीटों का विवरण तैयार कराया जायेगा, जिसके सापेक्ष सीटों का आवंटन होगा तथा अभ्यर्थियों के बुलावा पत्र पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में (जैसा उसने आवेदन किया है) उसके ग्रुप ''ए'' व ग्रुप ''बी'' के रैंक प्रदर्शित होंगे।

(2) यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (दोनों) में प्रवेश हेतु आवेदन किया है तथा उसे राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दोनों में प्रवेश का अवसर प्राप्त हो जाता है तो वह पहला प्रवेश जिस संस्थान में ले लेगा वही उसका अंतिम प्रवेश माना जायेगा तथा दूसरे संस्थान में उसका हुआ चयन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(3) प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ग्रुप ''ए'' व ग्रुप ''बी'' पाठ्यक्रम के लिए प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट अलग–अलग तैयार की जायेगी तथा ग्रुपवार आवंटन की कार्यवाही अलग–अलग की जायेगी। किसी अभ्यर्थी को ग्रुप–ए में यदि कोई सीट आवंटित हो जाती है, तो उसे ग्रुप–बी हेतु विचार नहीं किया जायेगा।

(4) प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के लिए उक्त ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जायेगी। प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए उसके द्वारा अंकित प्रथम वरीयता के व्यवसाय के लिए यह परीक्षण किया

जायेगा कि क्या उसके मेरिट एवं आरक्षण वर्ग के आधार पर उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिन्हित संस्थानों में से किसी भी संस्थान में एन0सी0वी0टी0 से सम्बद्ध सीट आवंटित की जा सकती है। यदि ऐसा नहीं है, तो उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिन्हित् अगले व्यवसाय के लिए यही प्रक्रिया दोहराई जायेगी, जब तक उसके द्वारा चिन्हित् समस्त व्यवसायों एवं संस्थानों में एन0सी0वी0टी0 सम्बद्धता प्राप्त कोई सीट उपलब्ध न रहे। यदि उसे एन0सी0वी0टी0 से सम्बद्ध कोई सीट प्राप्त नहीं होती है, तो उसे आवेदन के अनुसार पुनः उसके द्वारा चिन्हित् प्रथम वरीयता के व्यवसाय के लिए वरीयता क्रम में चिन्हित् संस्थानों में एस0सी0वी0टी0 (राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों) की सीट आवंटित करने का प्रयास किया जायेगा और यह प्रक्रिया उसके द्वारा वरीयता क्रम में चिन्हित समस्त व्यवसायों के लिए तब तक चलायी जायेगी जब तक या तो उसे कोई सीट आवंटित न हो जाय अथवा उसके द्वारा चिन्हित व्यवसायों एवं संस्थानों में कोई सीट उपलब्ध न बचे।

(5) तत्पश्चात अगली वरीयता क्रम के अभ्यर्थी के लिए यही प्रक्रिया दोहराई जायेगी और इसी क्रम में समस्त अभ्यर्थियों के लिए इस प्रक्रिया का पालन करते हुए सीटों का आवंटन किया जायेगा जब तक कि समस्त उपलब्ध सीटें आवंटित नहीं हो जाती।

(6) अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत किये गये व्यवसाय एवं संस्थानों के विकल्प के आधार पर सीट आवंटन के चयन का परिणाम परिषद स्तर से परीक्षण समिति गठित कर उसकी संस्तुति के आधार पर आगामी 03 दिवसों में तैयार कराकर परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा, तथा चयनित अभ्यर्थियों को उनके Mobile पर Message के द्वारा भी सूचना भेजी जाएगी। उक्त आशय की मात्र विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को आवंटित व्यवसाय/संस्थान में प्रवेश लेने के लिए 06 कार्य दिवसों का समय प्रदान किया जायेगा।

(7) **यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में प्रवेश नहीं लेता है, तो उसका आवंटन रद्द माना जायेगा, तथा आगामी प्रक्रिया में उसे बाहर रखा जायेगा।**

(8) जिन निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु इस चरण में विकल्प दिये हुये अभ्यर्थी किसी भी व्यवसाय में प्रवेश लेने हेतु उपलब्ध नहीं है, तो उक्त चरण से ही चतुर्थ चरण में दी गयी व्यवस्था के अनुसार रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण की व्यवस्था को शिथिल रखते हुये निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को यह सुविधा प्राप्त होगी की वह पोर्टल के बाहर के योग्यता धारक अभ्यर्थियों में से अपने संस्थान हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें तथा अभ्यर्थियों को पोर्टल पर फार्म भरवाकर ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

<u>द्वितीय चरण (अपग्रेडेशन/चयन सूची)</u>

(1) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण में प्रवेश लेने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें अपने उच्च विकल्प के व्यवसाय/संस्थान/एस0सी0वी0टी0/एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम नहीं प्राप्त हुआ है, किन्तु प्रथम चरण में कतिपय अभ्यर्थियों के प्रवेश न लेने के कारण उन्हें उच्च विकल्प के व्यवसाय/संस्थान/एस0सी0वी0टी0/एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम प्राप्त हो सकता है, तो पोर्टल पर ऐसे अभ्यर्थियों के लिये यदि वे प्रवेशित व्यवसाय/संस्थान/एस0सी0 वी0टी0/एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम में बदलाव हेतु सहमति देगा तो उसका उच्चीकरण उच्च विकल्प के व्यवसाय/ संस्थान/एस0सी0वी0टी0 /एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम में सीट रिक्त होने पर कर दिया जायेगा। इस प्रकार अपग्रेडेशन के फलस्वरूप नई स्थिति की सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थियों को उनके **Mobile** पर **Message** के द्वारा दी जायेगी तथा संस्थानों को अपग्रेडेशन के फलस्वरूप ऐसे अभ्यर्थियों की सूची प्रदान की जायेगी जिसके आधार पर अभ्यर्थी नये व्यवसाय/संस्थान/एस0सी0वी0टी0/ एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम में पुनः नई प्रवेश की प्रक्रिया से प्रवेश लेगा, किन्तु उसे दोबारा फीस जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। जिन अभ्यर्थियों ने उच्च विकल्प के लिये प्रस्ताव दिया है, पर उच्चीकृत होने की स्थिति में उनके नये व्यवसाय/संस्थान/एस0सी0वी0टी0/ एन0सी0वी0टी0 पाठ्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा तथा नये आवंटित विकल्प में प्रवेश न लेने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा। इस अवधि तक निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण के आवंटित अभ्यर्थियों का ही प्रवेश चालू रहेगा तथा उनमें उक्त उच्चीकरण की प्रक्रिया लागू नहीं होगी।

(2) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में उच्चीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त सर्वप्रथम ऐसे अभ्यर्थियों को अलग कर दिया जायेगा, जिन्हें प्रथम चरण में कोई भी राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आवंटित

हुआ था। तत्पश्चात राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये अवशेष सीटों के लिए आवंटन की प्रक्रिया पुनः प्रथम चरण के प्रस्तर–(4) के अनुसार चलाई जायेगी तथा उक्त के अनुसार तैयार द्वितीय चयन सूची एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये अपग्रेडेशन सूची पुनः परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को उनके **Mobile** पर **Message** के द्वारा सूचना भेजी जाएगी। उक्त आशय की मात्र विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी जाएगी। दूसरे चरण के प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त पुनः परिणामी रिक्त सीटों का आंकलन किया जाएगा।

(3) जिन निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु इस चरण में विकल्प दिये हुये अभ्यर्थी किसी भी व्यवसाय में प्रवेश लेने हेतु उपलब्ध नहीं है तो उक्त चरण से ही चतुर्थ चरण में दी गयी व्यवस्था के अनुसार रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण की व्यवस्था को शिथिल रखते हुये निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को यह सुविधा प्राप्त होगी की वह पोर्टल के बाहर के योग्यता धारक अभ्यर्थियों में से अपने संस्थान हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें तथा अभ्यर्थियों को पोर्टल पर फार्म भरवाकर ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

तृतीय चरण

(1) द्वितीय चरण के उपरान्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अभ्यर्थियों के उच्चीकरण की प्रक्रिया द्वितीय चरण के प्रस्तर–(1) के अनुसार करते हुए राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में परिणामी रिक्त सीटों का विवरण तैयार कर वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा, तथा अभ्यर्थियों का पुनः विकल्प प्राप्त करते हुए पंजीकरण की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थियों का विकल्प पंजीकृत करने हेतु सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी तथा उक्त आशय की विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करायी जायेगी। यदि कोई अभ्यर्थी नया विकल्प नहीं देना चाहता है, तो उसके प्रवेश फार्म में दिये गये विकल्प पर ही उसकी मेरिट के अनुसार उसे प्रथम चरण के प्रस्तर–(4) के अनुसार व्यवसाय/संस्थान आवंटित कर दिया जायेगा। पंजीकरण के उपरान्त चयन प्रक्रिया 04 दिनों में पूर्ण कर ली जायेगी, तथा अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने हेतु अधिकतम 05 दिनों का समय प्रदान किया जायेगा। सीटों के आवंटन में केवल ऐसे अभ्यर्थियों पर विचार किया जायेगा, जिन्हें प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई हैं। इस चरण में उक्त आवंटन के उपरान्त अनावंटित अवशेष सीटों को अनारक्षित करते हुए दोबारा प्रथम चरण के प्रस्तर–(4) की भॉति सीट आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

(2) जिन निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु इस चरण में विकल्प दिये हुये अभ्यर्थी किसी भी व्यवसाय में प्रवेश लेने हेतु उपलब्ध नहीं है तो उक्त चरण से ही चतुर्थ चरण में दी गयी व्यवस्था के अनुसार रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण की व्यवस्था को शिथिल रखते हुये निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को यह सुविधा प्राप्त होगी की वह पोर्टल के बाहर के योग्यता धारक अभ्यर्थियों में से अपने संस्थान हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें तथा अभ्यर्थियों को पोर्टल पर फार्म भरवाकर ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर लें।

चतुर्थ चरण

उपरोक्तानुसार चयन के उपरान्त रिक्त रह गयी व्यवसायवार, संस्थानवार, एवं जनपदवार सीटों की सूची सम्बन्धित जनपदों को प्रेषित की जायेगी। जनपद स्तर पर रिक्त रह गयी सीटों को भरे जाने हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आरंक्षण की व्यवस्था शिथिल रखते हुये निम्नवृत प्रक्रिया अपनायी जायेगीः–

(1) रिक्तियों की सूचना संस्थान के सूचना पट पर प्रदर्शित कर व स्थानीय स्तर पर लीडिंग मुख्य समाचार–पत्रों में विज्ञापित कर व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए 07 दिनों में रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त कर लिया जायेगा।

(2) जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में प्रवेश हेतु आवेदन किया था तथा उन्हें कोई भी सीट आवंटित नहीं हो सकी, उनके फार्म पोर्टल पर पंजीकरण संख्याः अंकित कर देखे जा सकेगे। इन अभ्यर्थियों को रिक्त सीटों के सापेक्ष अपने विकल्प भरने की उपलब्ध व्यवस्था के अन्तर्गत इच्छित संस्थान, रिक्त व्यवसायों का विकल्प के साथ–साथ ग्रुप ए (कक्षा–10) व ग्रुप बी (कक्षा–8) को भी पोर्टल पर ऑनलाइन निर्धारित स्थान पर शैक्षिक योग्यता के अनुसार संशोधित कर भरना होगा।

(3) नये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के 03 दिन के भीतर विकल्पित संस्थान के प्रधानाचार्य से अपने मूल अभिलेखों को प्रमाणित कराना होगा। अभिलेखों को प्रमाणित करने के बाद प्रधानाचार्य द्वारा आवेदन पत्रों को अर्हकारी शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर व्यवसायवार ग्रुप–ए और ग्रुप बी की अलग–अलग सूची तैयार की जायेगी।

(4) उपरोक्तानुसार जनपदवार, ग्रुपवार, व्यवसायवार तैयार मेरिट सूची के आधार पर पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनके विकल्प के आधार पर स्थायी (गृह जनपद) व अस्थायी पते से सम्बन्धित जनपद में सीटें आवंटित की जायेंगी। उसके उपरान्त नये आवेदकों को प्राप्त विकल्प के आधार पर सीटें आवंटित की जायेगी। रिक्त सीटों के आवंटन की प्रक्रिया 04 दिनों में पूर्ण कर ली जायेगी, और चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु 05 दिनो का समय प्रदान किया जायेगा। प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूचना परिषद को शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।

(5) **जनपद स्तर पर रिक्त सीटों को भरे जाने की कार्यवाही निम्न गठित समिति द्वारा की जायेगी।**

1. संबंधित जनपद के नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान।
2. संबंधित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य।
3. जिला सेवायोजन अधिकारी।

(6) जनपदवार निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानवार व्यवसायों में रिक्त सीटों के सापेक्ष आरक्षण की व्यवस्था को शिथिल रखते हुए निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को यह सुविधा प्राप्त होगी कि वह पोर्टल पर अब तक चयन से वंचित अभ्यर्थियों में से अथवा पोर्टल के बाहर के योग्यताधारक अभ्यर्थियों में से अपने संस्थान हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर लें तथा निर्धारित तिथि तक पोर्टल के अभ्यर्थियों को सम्बन्धित व्यवसाय की सीट के विरूद्ध तथा नये अभ्यर्थियों को पोर्टल पर फार्म भरवाकर ऑनलाइन प्रवेश पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर सुरक्षित कर लें। इस हेतु पोर्टल पर गैर चयनित अभ्यर्थियों की सूची निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के दृष्टव्य हेतु उपलब्ध रहेगी।

(7) सीट आवंटन प्रक्रिया हेतु निर्धारित किये गये उपरोक्त चरणों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा, जिससे कि निर्धारित अन्तिम तिथि तक समस्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय।

3. **<u>उक्त के अतिरिक्त प्रवेश प्रक्रिया में निम्न बिन्दुओं का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगाः–</u>**

(1) अर्हकारी शैक्षिक योग्यता के प्राप्तांक मेरिट के आधार पर एस0सी0वी0टी0 द्वारा 03 चरणों में आवंटन सूचियाँ निर्गत की जायें, एवं चतुर्थ चरण में अवशेष रिक्त रह गयी सीटों को भरें जाने हेतु नोडल प्रधानाचार्यों को अधिकृत किया जाये, जिससे प्रवेश प्रक्रिया कम अवधि में सम्पन्न की जा सके।

(2) प्रवेश प्रक्रिया के चतुर्थ चरण में मेरिट आधारित प्रवेश पूर्ण होने के पश्चात राजकीय संस्थानों में भी रिक्त सीटों पर पूर्व पंजीकृत व नवीन अभ्यर्थियों के पंजीकरण/प्रवेश प्रदेश के किसी भी नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रवेश की अन्तिम पुनरीक्षित तिथि (कम से कम 15 दिनों) तक Walk in सिद्धान्त के अनुसार किया जायेगा।

(3) समस्त ऑनलाइन आवेदन करने वाले आभ्यर्थियों के प्रविष्टयों से संबंधित शैक्षिक योग्यता आरक्षण वर्ग एवं अधिमानी अर्हता संबंधी मूल अभिलेखों का सत्यापन न कराकर केवल चयनित अभ्यर्थियों का सत्यापन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के समय कराया जाये, जिससे कि संस्थानों में अभ्यर्थियों के अनावश्यक दबाव में कमी हो सके।

(4) मितव्ययता के दृष्टिगत समस्त परीक्षाफल समाचार पत्रों में प्रकाशित न करायी जाय अपितु केवल विज्ञाप्ति प्रकाशित करायी जाय एवं चयनित अभ्यर्थियों का परीक्षाफल परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाय तथा उनके मोबाईल नम्बर पर मैसेज से सूचना भेजी जाय।

5. प्रदेश में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अन्तर्गत निजी क्षेत्र के वेण्डर द्वारा संचालित किये जाने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रकिया हेतु उपरोक्त निर्देशों के साथ–साथ निम्नवत प्रकिया का निर्धारण किया जाता हैः–

1- पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अंतर्गत निजी क्षेत्र के वेण्डर द्वारा संचालित किये जाने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में व्यवसायवार, एककवार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए लागू शुल्क वाली सीटों तथा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिए लागू शुल्क वाली सीटों का विवरण निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश

